हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, बुधवार, 27 मार्च 2024

तापमान
अधिकतम 34 .4 डिग्री
न्यूनतम 16 .4डिग्री

11 जसिया के जोहड़ में मिला दो बच्चों के पिता का शव



12 एक दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर दी ...



Farm House
Kothi, Villa के लिये 300 गज के प्लाट
मात्र 20 लाख में
M. 9832100036
Gupta Property हिसार रोड NH 9 पर
44 फुट चौड़ी सड़कें, सीवर व पानी लाइन, बिजली

## शहर में आज

- विश्व नाटक दिवस पर जे पी इंटरनेशनल स्कूल में कलाकारों को सम्मनित किया जाएगा सुबह 11 बजे से
- पीजीआई में विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस पर पखवाड़ा होगा सुबह 10 बजे से
- नगर निगम की टीम अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चलाएगी सुबह 11 बजे से
- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर सुबह 11.30 बजे से
- समस्याओं को लेकर सेक्टर-1 के लोग पार्षद से मिलेंगे दोपहर 1 बजे

## खबर संक्षेप

### महर्षि दयानंद विवि में प्रो. राणा डीन मनोनीत

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने एमडीयू एक्ट के स्टैच्युट 19 के प्रावधानों के तहत अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा विभाग के प्रोफेसर डा. रणदीप राणा को मानविकी एवं कला संकाय का डीन मनोनीत किया है। कुलसचिव प्रो. गुलशन लाल तनेजा ने बताया कि बतौर डीन, मानविकी एवं कला संकाय प्रो. रणदीप राणा की नियुक्ति आगामी1 अप्रैल से तीन वर्ष के लिए प्रभावी रहेगी।

### मदविः 29 को दी जाएगी वर्क कल्चर ट्रेनिंग

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय का एडमिनिस्ट्रेटिव स्टॉफ कॉलेज 29 मार्च को- डेवलपिंग सेल्फ कंपीटेंसिज एंड वर्क कल्चर ट्रेनिंग सत्र का आयोजन करेगा। एडमिनिस्ट्रेटिव स्टाफ कालेज के कोऑर्डिनेटर डॉ. अनार सिंह ढुल ने बताया कि कुलसचिव प्रो. गुलशन लाल तनेजा बतौर की-नोट स्पीकर इस ट्रेनिंग सत्र में शिरकत करेंगे।

### मदविः 5 से शुरू होगी यूजीसी कोचिंग

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय का यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर कंपीटीटिव एग्जामिनेशन आगामी जून में आयोजित होने वाली यूजीसी नेट-जेआरएफ परीक्षा की तैयारी के लिए 5 अप्रैल से कोचिंग प्रोग्राम प्रारंभ करेगा।

पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर ने सख्त लहजे में कार्रवाई करने की बात कही

# रेलवे रोड पर रात 3 बजे दुकान-मकान में तोड़फोड़, पुलिस पर मिलीभगत के आरोप, पूरा दिन नेताओं का जमावड़ा

- आरोपियों के हाथ में हथियार थे और वे मकान-दुकान में तोड़फोड़ करके जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रेलवे रोड पर पुश्तैनी जमीन को लेकर बवाल हो गया। एक परिवार के पुश्तैनी मकान व दुकान को बदमाशों ने रात 3 बजे तोड़ दिया। पीड़ितों ने पुलिस पर मिलीभगत के गंभीर आरोप भी लगाए। इसी विवाद को लेकर पूरा दिन राजनीति गर्मायी रही। सुबह पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर रेलवे रोड पर पहुंच गए। डीएसपी रवि खुंडिया भी मौके पर पहुंचे। ग्रोवर ने सख्त लहजे में कार्रवाई करने की बात कही। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और उनके साथ विधायक बीबी बतरा भी पहुंचे। दोपहर को डॉ. अरविंद शर्मा भी रेलवे रोड पर पहुंचे। पीड़ित पक्ष, मनीष ग्रोवर, भूपेंद्र सिंह हुड्डा और सांसद अरविंद शर्मा ने पुलिस पर नारजगी जताई और कार्रवाई के निर्देश दिए। दरअसल रेलवे रोड पर एक दुकान और मकान है। राजेन्द्र साहनी और सुरेश जैन इसमें करीब 60 साल से रहते हैं। सोमवार रात को 15-20 लोग इस रेलवे रोड पर पहुंचे और दुकान ओर मकान में तोड़फोड़ शुरू कर दी। उनके हाथ में हथियार थे और वे मकान-दुकान में तोड़फोड़ करके जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि पुलिस ने उचित कार्रवाई नहीं की। जिन लोगों ने तोड़फोड़ की है, पुलिस वाले उनसे मिले हुए हैं। पुलिस ने रेलवे रोड निवासी पवन, प्रवीन व चेष्टा के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।



रोहतक। मौके पर पहुंचे पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर ।



रोहतक। मकान व टूटी हुई दुकान ।

फोटो: हरिभूमि

### कोर्ट में है मामला

रेलवे रोड निवासी सुरेश जैन और राजेंद्र साहनी ने अलग-अलग दो शिकायतें दी हैं। पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी दुकान और ऑफिस रेलवे रोड पर हैं। वह यहां 60 साल से काम कर रहे हैं। उनके भतीजे एडवोकेट संयम जैन ने भी यहीं पर अपना ऑफिस बना रखा है। लगभग 3 महीने पहले कुछ लोग उनके ऑफिस में आए और इस जगह पर दावा जताने लगे। उन लोगों का कहना था कि यह जमीन अब उन्होंने जमीन खरीद ली है। सुरेश जैन के मुताबिक इसके बाद उन्होंने जमीन को लेकर कोर्ट में केस फाइल कर दिया। अदालत ने बीती 11 जनवरी को उनका पक्ष सुनने के बाद मामले पर स्टे दे दिया। अदालती स्टे होने के बावजूद मंगलवार की सुबह दूसरे पक्ष ने असामाजिक तत्वों के साथ मिलकर उनकी दुकानें तोड़ दीं।

### ऐसी कार्रवाई करो, दोबारा इस तरफ मुंह न करें: ग्रोवर

घटना की सूचना मिलते ही पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर सुबह घटनास्थल पर पहुंच गए। डीएसपी रवि खुंडिया और पुलिस कर्मचारी भी मौजूद रहे। उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि मेरे होते हुए रोहतक में किसी की जमीन पर कब्जा नहीं होगा और किसी की एक इंच दीवार कोई बदमाशी में नहीं तोड़ सकता। पुलिस वाले अपन काम करें और एफआईआर दर्ज करके ऐसी सख्त कार्रवाई की जाए कि दोबारा वे बदमाया इस तरफ मुंह न करें।

### दोबारा तोड़ने आए

सुरेश जैन ने कहा कि 26 मार्च की सुबह तकरीबन 15-20 लोग गाड़ियों में सवार होकर आए थे। उनके पास हथियार भी थे। आते ही वह दुकानों को तोड़ने लगे। उन्होंने इसकी सूचना डायल-112 पर दी लेकिन पुलिस ने संतोषजनक कार्रवाई नहीं की। उन्होंने बताया कि दिन चढ़ने पर उन्होंने अपनी दुकानों को ठीक किया, लेकिन उसी समय फिर से दूसरे पक्ष की कुछ महिलाएं व पुरुष वहां पहुंच गए और दुकानें दोबारा तोड़ दी।

### बाजार बंद कर देंगे: बक्शी

रेलवे रोड के व्यापारियों ने पुलिस के खिलाफ नाराजगी जताते हुए कहा कि दुकानें तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। रोहतक ट्रेडर्स एसोसिएशन के प्रधान हेमंत बख्शी ने कहा कि मंगलवार को व्यापारियों ने सिर्फ सांकेतिक रोड जाम और धरना दिया है। अगर पुलिस ने उचित कार्रवाई नहीं की तो आगे बाजार बंद किया जाएगा।

### तुम्हें पता नहीं मैं कौन हूं अकल नहीं है क्याः हुड्डा



पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा भी मौके पर पहुंचे और वहां मौजूद पुलिस कर्मचारी पर गरम हो गए। हुड्डा ने पुलिसवालों को तुरंत दोबारा मौके पर बुलाया और नाराजगी जताते हुए पूछा कि उनके आते ही पुलिस मौके से क्यों चली गई। इस पर पुलिसवालों ने सफाई दी कि वह तो मौके पर लोगों के बयान लेने आए थे। बयान हो जाने पर वह एफआईआर दर्ज कराने वापस पुलिस थाने जा रहे थे। उन्हें इस बात की जानकारी नहीं थी कि पूर्व मुख्यमंत्री मौके पर आने वाले हैं। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने पुलिस वाले को हड़काते हुए कहा कि तुम्हें पता नहीं है क्या मैं कौन हूं, अकल नहीं है क्या। इस पर पुलिस कर्मचारी को कोई जवाब नहीं बना।



### शिकायत के बावजूद कारवाई क्यों नहीं कीः शर्मा

मंगलवार शाम को सांसद अरविंद शर्मा रेलवे रोड़ पहुंचे और मकान व दुकान तोड़ने के विरोध में धरने पर बैठे व्यापारियों से भी मुलाकात की। सांसद डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रदेश में किसी के साथ ज्यादती नहीं होंने देंगे। इसी दौरान सांसद ने मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों से भी जवाब मांगा कि शिकायत के बावजूद कारवाई क्यों नहीं की गई, जिस पर अधिकारी बचते नजर आएं। बाद में सांसद ने व्यापारियों व अन्य लोगों से भी मुलाकात की।



सांपला। राज्य मंत्री बिशंबर सिंह वाल्मीकि कार्यकर्ताओं से बात करते।

### राज्य मंत्री बिशंबर सिंह वाल्मीकि ने कार्यकर्ता से चुनाव पर की चर्चा

सांपला। हाल में नायब सैनी की सरकार में राज्य मंत्री बने बिशंबर सिंह वाल्मीकि मंगलवार को गढी सांपला किलोई हलके के कार्यकर्ताओं से मिले। उन्होंने कहा कि 2024 में भी केंद्र व राज्य में बीजेपी की सरकार बनेगी। क्योंकि जनता कांग्रेस व दूसरी पार्टियों की झूठ की राजनीति को समझ चुकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर लोगों को विश्वास है। इस मौके पर पलवल के प्रभारी डॉक्टर दिनेश घिलोड़, जिला अध्यक्ष रणवीर सिंह ढाका, जिला उपाध्यक्ष उदयभान मलिक सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे। राज्य मंत्री ने शनि व हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना भी की। कार्यकर्ता ने उनका फूल मालाओं से स्वागत किया।



### पैरा टेबल टेनिस नेशनल चैंपियनशिप में संदीप दांगी छठी बार नेशनल चैंपियन बने

रोहतक। इंदौर में हुए पैरा टेबल टेनिस नेशनल चैंपियनशिप में रोहतक के संदीप दांगी लगातर छठी बार नेशनल चैंपियन बने। उन्हें क्वार्टर फाइनल में उत्तरप्रदेश में कठोर दीक्षित को 3-0 से हराया। उसके बाद गुजरात के अल्पेश सुतारिया को सेमीफाइनल में 3-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया और तमिलनाडु के जेडी मदान को 3-0 से हराकर लगता है छठी बार राष्ट्रीय चैंपियन बने। बता दें कि संदीप दांगी 2019 से अब 6 साल से अविजित हो अपना टाइटल बचाए हुए हैं। इस पहले अक्टूबर 2023 में चीन में संपन्न हुए चौथे एशियाई पैरा गेम्स में भी संदीप डांगी 76 साल में पहला एशियाई पदक एकल वर्ग में प्राप्त किया था।

### सिंहपुरा खुर्द में परीक्षा के बाद युवकों के दो गुटों में झगड़ा, दो युवक घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गांव सिंहपुरा खुर्द के स्कूल में परीक्षा के बाद युवकों के दो गुटों में झगड़ा हो गया। इस दौरान तेजधार हथियार से दो युवकों पर हमला किया गया। दोनों युवकों को उपचार के लिए पीजीआई में भर्ती करवाया गया। साथ ही इकसी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी। हालांकि घायलों के बयान पर केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू की जाएगी। बताया जा रहा है कि स्कूल में मंगलवार को दसवीं कक्षा के सामाजिक विज्ञान विषय की परीक्षा थी।

पुलिस के मुताबिक घायल युवकों की पहचान रोहतक के गीतांजली ऐनक्लेव निवासी करीब 19 वर्षीय विकास व गांव सांघी



निवासी करीब 19 वर्षीय सौरभ के रूप में हुई है। विकास के पेट व सिर पर तेजधार हथियार से चोट लगी हैं। सौरभ को कमर में दाएं तरफ तेजधार हथियार की चोटें लगी हैं। बहु अकबरपुर पुलिस थाना के एसएचओ महेश कुमार ने बताया कि गांव सिंहपुरा खुर्द में दो युवकों पर तेजधार हथियार से हमला करने की सूचना थी। स्कूल में परीक्षा के बाद विवाद हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई है। घायलों के बयान केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू की जाएगी।

### लाखनमाजरा फाग खेलने जा रहे बडेसरा के युवक की हादसे में मौत

महम। बडेसरा गांव के 25 वर्षीय युवक संदीप की सोमवार को निंदाना गांव के पास एक सड़क हादसे में मौत हो गई। पुलिस को दिए बयान में मृतक के चाचा भिवानी जिले के बडेसरा गांव निवासी धर्मेंद्र पुत्र नत्थुराम ने बताया कि उसका भतीजा संदीप पुत्र अजीत अपनी बुआ के घर लाखनमाजरा गांव में फाग खेलने के लिए अपनी डीलक्स मोटर साइकिल पर जा रहा था। शाम को साढ़े सात बजे उसका मोटर साइकिल बैंसी गांव के युवक हन्नी पुत्र कृपाल सिंह की सप्लेंडर मोटर साइकिल से टकरा गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि इस हादसे में संदीप गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिए उसे महम के नागरिक अस्पताल में ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मौसम में उतार-चढ़ाव

23 दिन पहले 30 गांवों में ओलों ने फसलों में मचाई थी तबाही

# हर शाम मंडराने लगते हैं काले-काले बादल 29 तक फसलों को प्राकृतिक आपदा से खतरा

अमरजीत एस गिल ▶▶| रोहतक

बीते तीन दिन से से राज्य में पश्चिमी विक्षोभ की गतिविधियां हो रही हैं। दिन में तेज धूप निकलने के बाद हर रोज शाम को काले-काले बादल फसलों पर मंडराने लगते हैं। अभी तक राहत ये हैं कि वर्स्टन डिस्टरबेंस के एक्टिव होने के बाद भी फसलें किसी भी प्रकार की प्राकृतिक आपदा से बची हुई हैं। मौसम के हालात 29 मार्च तक ऐसे ही बने रहने की आशंका है। रविवार देर शाम को चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय हिसार की ओर से एक नया पूर्वानुमान जारी किया गया है। इस दौरान राज्य में कोई भी प्राकृतिक आपदा हो सकती है। ध्यान रहे कि यूनिवर्सिटी ने गत 20 मार्च को भी



भविष्यवाणी जारी की थी कि 25 तक राज्य में मौसम परिवर्तनशील रहेगा। लेकिन उससे पहले ही रविवार एक और नया पूर्वानुमान रिलिज कर दिया गया। जिसमें बताया गया है कि अगले पांच दिन तक पश्चिमी विक्षोभ एक्टिविटी होंगी।

### ओलावृष्टि से हुआ था नुकसान

जब वेस्टर्न डिस्टरबेंस सक्रिय होता है तो बेमौसमी बारिश और ओलावृष्टि होने का काफी खतरा होता है। ध्यान रहे कि गत 2 मार्च को हुई बरसात और ओलावृष्टि से गांव मायना, सुनारियां,बलम ,बनियानी , माड़ौधी, पटवापुर, ककराना, पाकस्मां, कारोर,शिमली, खेड़ी साध , बलियाणा, भालौठ, चुलाना, मुंगान,खरावड़, पटवापुर, पहरावार, कन्हैली, नौनंद, कसरेंटी,कंसाला,आसान , अटाइल, गढ़ी बोहर, भैयापुर, बालंद , सैमान , पोलंगी,समेत आदि अन्य गावों की फसलों में व्यापक पैमाने पर तबाही हुई थी। किसानों ने मुआवजे के लिए पोर्टल पर आवेदन किया हुआ है। लेकिन अभी तक प्रशासनिक टीमों ने नष्ट हुई फसलों का मौका निरीक्षण कार्य पूरा नहीं किया है। हालांकि राजस्व विभाग इस कार्य में लगा हुआ है।

### 37 डिग्री तक पहुंच गया था पारा

ध्यान रहे कि अभी मार्च का अंतिम सप्ताह शुरू हुआ है। लेकिन बीते चार-पांच दिन से मौसम में बड़ा बदलाव हुआ। गर्मी ने एकदम से दस्तक देनी शुरू की तो आशंका जताई जाने लगी कि मौसम में बदलाव हर हाल में होगा। ध्यान रहे कि पिछले दिनों नारनौल का पारा 37 डिग्री तक पहुंच गया था। ये सामान्य से 4.4 डिग्री सेल्सियस अधिक था। दिन प्रतिदिन बढ़ रहे तापमान लोगों को एहसास होने लगा है कि गर पारा ऐसे ही बढ़ता रहा तो गत वर्ष की तरह ही इस बार भी मार्च के अंतिम दिनों में तापमान वर्ष 2022 की तरह रिकॉर्ड तोड़ स्तर तक पहुंच जाएगा।

### राज्य में 29 मार्च तक मौसम परिवर्तनशील रहेगा

राज्य में मौसम आमतौर पर 29 मार्च तक परिवर्तनशील रहेगा। इस दौरान बीच बीच में आंशिक बादल छाए रहेंगे। ये सब एक पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की वजह से हो रहा है। डॉ. खिचड़ ने कहा कि पश्चिमी विक्षोभ का आंशिक प्रभाव है। इसलिए किसानों को फसलों को लेकर ज्यादा चिंता करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि रविवार 24 मार्च को ज्यादातर क्षेत्रों में बादलवाई तथा एक- दो स्थानों पर छिटपुट बूंदाबांदी हुई। जिससे दिन के तापमान में हल्की कमी दर्ज की गई। परंतु रात्रि तापमान में कुछ बढ़ोतरी होगी। बीच बीच में हवाएं चलने की भी संभावना है।

-डॉ. मदन खीचड़, चौधरी चरणसिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कृषि मौसम विज्ञान विभागाध्यक्ष



### भिवानी बोर्ड की दसवीं की परीक्षा संपन्न


रोहतक। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा आयोजित दसवीं की बोर्ड परीक्षा मंगलवार को सम्पन्न हुई। गौड़ ब्राह्मण सीनीयर सेकेंडरी स्कूल में दसवीं की परीक्षा शांतिपूर्वक सफल हुई। बोर्ड द्वारा नियुक्त आब्जर्वर रामबीर ककराना ने बताया कि इस परीक्षा केन्द्र पर सभी सुविधाएं थी। बोर्ड दी गई गाइडलाइन का सुचारू रूप से पालन किया गया। जिसकी सराहना बोर्ड परीक्षा में बैठने वाले परीक्षार्थियों ने भी की। आब्जर्वर ने परीक्षा केन्द्र अधीक्षक अनिता गौड़, उप अधीक्षक रामकुमार सारिका तथा सुपरवाइजर की कर्त्तव्यपरायणता की सराहना की।



# आएगा सत्यप्रेम की कथा का सीक्वल

मुंबई। कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी की फिल्म 'सत्यप्रेम की कथा' पिछले साल प्रदर्शित हुई थी। इस फिल्म को दर्शकों का अच्छा प्रतिसाद मिला था, जिसकी बदौलत इसने न सिर्फ अपनी लागत वसूलने में कामयाबी पाई अपितु निर्माता और वितरकों को मुनाफा भी हुआ। इस फिल्म से पहले कार्तिक और कियारा 'भूल भुलैया 2' में भी साथ काम कर चुके थे। उनकी केमेस्ट्री सबको अच्छी लगी। यह जोड़ी 'सत्यप्रेम की कथा' के सीक्वल में दोबारा दिखाई दे सकती है। फिल्म की प्रोड्यूसर शरीन मंत्री ने अपने एक इंटरव्यू में फिल्मों के कई पहलुओं पर चर्चा की और 'सत्यप्रेम की कथा 2' के बारे में भी बात की।

लाइफ Style




# उर्वशी

## ऋषभ संग शादी पर दिया जवाब

बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेले का नाम जब भी लिया जाता है, तो अपने आप ही लोगों की जुबान पर क्रिकेटर ऋषभ पंत का नाम आ जाता है। उर्वशी ने अपने काम से ज्यादा क्रिकेटर संग अपनी कंट्रोवर्सी से सुर्खियां बटोरी है। मिस यूनिवर्स इंडिया 2015 का टाइटल जीतने वाली उर्वशी जल्द ही फिल्म जेएनयू में नजर आने वाली है और एक्ट्रेस अपनी फिल्म का जमकर प्रमोशन कर रही हैं।

मुंबई। इस फिल्म के प्रमोशन के बीच उर्वशी ने हाल ही में दिए इंटरव्यू में सुष्मिता सेन के उनसे मिस यूनिवर्स इंडिया 2012 का टाइटल छीनने को लेकर बड़ा खुलासा किया था। इसी बीच अब एक्ट्रेस ने भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ी ऋषभ पंत से शादी के सवाल पर रिएक्शन दिया है। दरअसल, उर्वशी ने हाल ही में इंटरव्यू के दौरान अपने फैंस के सवालों के जवाब दिए। इस दौरान एक्ट्रेस से वो सवाल पूछे गए, जो अक्सर ही फैंस उनसे करते रहते हैं। पहले तो उर्वशी रौतेला ने काफी आराम से होस्ट को उनका सवाल पूरा करने दिया। इस सवाल पर हर कोई उर्वशी के जवाब का इंतजार कर रहा था। होस्ट से लेकर फैंस सभी उम्मीद लगाकर बैठे थे कि एक्ट्रेस क्रिकेटर संग शादी के सवाल पर क्या बोलेंगी। मगर उर्वशी ने सभी की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। उर्वशी ने ऋषभ पंत संग शादी के सवाल पर जवाब में बोली, 'कोई कमेंट नहीं।' उर्वशी और ऋषभ का रिश्ते की सच्चाई क्या है, ये तो दोनों स्टार्स ही अच्छे से जानते हैं। मगर एक समय पर दोनों के रिलेशनशिप की खबरों ने खूब तूल पकड़ा था। लेकिन तब दोनों ने ही इन्हें अफवाह बताया था। साल 2018 में इन दोनों कई बार एक जगह पर स्पॉट किया गया है, फिर उस साल के बाद दोनों ने एक-दूसरे को व्हाट्सएप पर ब्लॉक तक दिया था। सोशल मीडिया पर दोनों क्रिप्टिक नोट लिखकर एक-दूसरे पर अपनी भड़ास भी निकालते रहे हैं, लेकिन जब ऋषभ का एक्सीडेंट हुआ था।

# एमिली ने शो की डाइवोर्स रिंग



**लॉस एंजेलिस।** आपने इंगेजमेंट रिंग के बारे में तो सुना है, लेकिन क्या कभी डाइवोर्स रिंग के बारे में सुना है। बदलते ट्रेंड में अब ये अब ये एक चीज भी जुड़ गई है। इसका श्रेय जाता है एक्ट्रेस एमिली रताजकोस्की को। एमिली ने अपनी क्रिएटिविटी का इस्तेमाल करते हुए इंगेजमेंट की अंगूठी को नया लुक देकर उसे अपने तलाक से जोड़ा है। बता दें कि एक्ट्रेस ने 2022 में तलाक लिया था। वहीं, अलग होने के बाद अब एमिली अपनी बिखरी शादीशुदा जिंदगी को लेकर खुलकर बात कर रही हैं। उन्होंने हाल ही में एक फोटो शेयर की, जिसमें उन्हें सगाई की अंगूठी को नए तरह की डिजाइन देकर सेलिब्रेट करते देखा जा सकता है। इस वायरल फोटो पर एक्ट्रेस ने बताया कि ये अंगूठियां उनके व्यक्तिगत विकास का प्रतिनिधित्व करती हैं। एमिली ने कहा, मुझे नहीं लगता कि किसी महिला को सिर्फ इसलिए उसे दिया गया डायमंड नहीं पहनना चाहिए क्योंकि वह किसी शख्स से अलग हो गई है। एमिली ने कहा कि इन अंगूठियों को पहन उसे ऐसा एहसास होता है, जैसे वह खुद को उस तरह से खुश रख सकती हैं, जैसे उन्होंने पहले कभी सोचा भी नहीं था।



# होली के रंगों में रंगी यामी

मुंबई। आम जनता से लेकर बॉलीवुड में होली त्योहार की धूम देखने को मिल रही है। वहीं इन दिनों प्रेग्नेंसी पीरियड एंजॉय कर रही एक्ट्रेस यामी गौतम पर तो होली से पहले ही इसका रंग चढ़ गया है। हाल ही में यामी की कुछ तस्वीरें सामने आईं हैं, जिसमें वह होली के रंग में रंगी नजर आ रही हैं। उन्होंने व्हाइट सूट पेयर किया है। तस्वीरों में यामी के हाथों में येलो रंग देखने को मिल रहा है। इसके साथ ही उन्होंने अपने गालों पर भी पीला और गुलाबी रंग लगाया है। यामी के चेहरे पर बड़ी सी मुस्कान देखने को मिल रही है। फैंस उनकी इन तस्वीरों को काफी पसंद कर रहे हैं। काम की बात करें तो यामी हाल ही में फिल्म 'आर्टिकल 370' में नजर आईं थीं। फिल्म ने दबे पांव वर्ल्डवाइड 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है। यामी अपने अभिनय से दर्शकों को बेहद प्रभावित करतीं है। इसके साथ ही उनकी सुंदरता के लोग कायल और दीवाने है।




# ऋतिक रोशन ने की अनन्या की तारीफ

मुंबई। एक्टर ऋतिक रोशन ने फिल्म 'खो गए हम कहां' में एक्ट्रेस अनन्या पांडे की जमकर तारीफ की। पिछले साल दिसंबर में रिलीज फिल्म का निर्देशन अर्जुन वरैन सिंह ने किया है। इसमें सिद्धांत चतुर्वेदी, अनन्या और आदर्श गौरव मुख्य भूमिका में हैं। यह तीन दोस्तों की कहानी है, जो सोशल मीडिया के दबाव के बावजूद अपने लक्ष्य और रिश्तों को आगे बढ़ाते हैं। एक्स पर ऋतिक ने लिखा कि कुछ दिन पहले 'खो गये हम कहां' देखी। मैंने इसका भरपूर आनंद लिया। यह कोई आसान शैली नहीं थी। अनन्या पांडे आप एक स्टार हैं। सिद्धांत चतुर्वेदी और आदर्श गौरव आप लोगों का प्रदर्शन क्या शानदार था। अर्जुन वरैन ने बहुत अच्छा निर्देशन किया है। पूरी टीम को बधाई, यह फिल्म अवश्य देखनी चाहिए। फाइटर स्टार को जवाब देते हुए अनन्या ने कहा कि ऋतिक सर, आपने मेरा दिन बना दिया, आपके प्यारे शब्दों और सराहना के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। यह मेरे लिए बहुत प्रेरक है।

# अदा ने डांस बार में बिताई रातें

मुंबई। एक्ट्रेस अदा शर्मा ने 'सनफ्लॉवर 2' में अपनी भूमिका को लेकर खुलासा किया है। एक्ट्रेस का कहना है कि उन्होंने अपनी भूमिका के लिए एक डांस बार में रातें बिताईं। वह स्क्रीन पर प्रभावकारी दिखना चाहती थीं। एक्ट्रेस अदा शर्मा ने कहा कि मैं प्रभावकारी दिखना चाहती थी। यह सिर्फ इस बारे में नहीं है कि आप डांस कब कर रहे हैं बल्कि यह इस बारे में है कि आप कैसे बैठते और खड़े होते हैं और परफॉर्मेंस नहीं करने के दौरान आप अपने शरीर के साथ कितने सहज हैं। एक्ट्रेस ने कहा कि वह कभी-कभी ध्यान देने के लिए डांस बार में सुबह 5 बजे तक रुकती थीं। एक्ट्रेस ने आगे कहा कि वे इतने अच्छे थे कि उन्होंने मुझे बार में रुकने और चीजों को देखने की इजाजत दी। कस्टमर्स से बात करते समय उनके आत्मविश्वास को मैंने देखने की कोशिश की। मैं रात को 9 बजे जाती थी, कभी-कभी सुबह 4 से 5 बजे तक रुकती थी। वेब सीरीज 'सनफ्लॉवर' सीरीज एक हाउसिंग सोसाइटी के निवासियों के जीवन पर आधारित है। वे एक हत्या के रहस्य में उलझ जाते हैं। इसमें सुनील ग्रोवर और मुकुल चड्ढा मुख्य भूमिका में हैं।





# इस साल पहली बार अपने नन्हे-मुन्नों के साथ होली सेलिब्रेट करेंगे ये सितारे

मुंबई। इस बार फिल्म जगत के कई सितारों के लिए रंगों का त्योहार और भी रंगीन होने वाला है, क्योंकि वे पहली बार अपने नन्हे-मुन्नों के साथ होली खेलने जा रहे हैं। पहली बार अपने बच्चों के साथ होली खेलने वालों की लिस्ट में राम चरण-उपासना से लेकर विराट-अनुष्का तक शामिल हैं।



### अनुष्का-विराट

अनुष्का शर्मा और विराट कोहली फरवरी 2024 में दूसरी बार माता-पिता बने हैं। अनुष्का-विराट के घर बेटे अकय कोहली का जन्म हुआ है। यह अनुष्का और विराट की अकाय कोहली के साथ पहली होली होगी।

### राम चरण-उपासना

सुपरस्टार राम चरण और उपासना शादी के कई सालों बाद साल 2023 में एक बेटी के माता-पिता बने। इस कपल की बेटी के साथ ये पहली होली है।

### विक्रांत मैसी-शीतल ठाकुर

एक्टर विक्रांत मैसी के लिए साल 2023 धमाकेदार रहा है। विक्रांत को उनकी 12वीं फेल फिल्म से पूरी दुनिया में पहचान मिली, वहीं उनके बेटे का जन्म भी हुआ। विक्रांत और शीतल की अपने बेटे के साथ ये पहली होली है।

### रुबिना-अभिनव शुक्ला

एक्ट्रेस रुबिना दिलैक को नवंबर 2023 में जुड़वां बच्चे हुए थे। इस बार रुबिना और अभिनव पहली बार अपनी जुड़वां बेटियों के साथ होली मनाएंगे।

### इशिता दत्ता-वत्सल सेठ

दृश्यम फेम एक्ट्रेस इशिता दत्ता और वत्सल सेठ के घर जुलाई 2023 में एक बच्चे का जन्म हुआ। बेटे के साथ इस कपल की यह पहली शादी होगी।

# रकुल ने कहा- मुझे 15 बार कॉल करने की जरूरत नहीं



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी बी-टाउन के पावर कपल में से एक हैं। हाल ही में जैकी और रकुल ने शादी रचाई है। दोनों की शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब छाई रहीं। ये कपल फिलहाल शादी के शुरुआती दिनों का आनंद ले रहा है। इसी बीच अभिनेत्री रकुल प्रीत अपने पति जैकी के साथ अपने संबंधों के बारे में खुलकर बात करती नजर आई हैं। अभिनेत्री ने कहा, 'हम एक व्यक्ति के रूप में संपूर्ण हैं। साथ मिलकर हम अधिक खुश हैं। मुझे उन्हें दिन में 15 बार कॉल करने की जरूरत नहीं है कि मैं बोर हो रही हूं। आप कैसे हैं। मुझे यह पता लगाना होगा कि मुझे अपनी लाइफ में क्या करना है, उनके लिए भी यही बात है। हम दोनों जब भी साथ होते हैं,

# होली में नहीं होंगे बोर, बिंज वॉच कर डाले ये शानदार फिल्में और सीरीज

मुंबई। कुछ लोग होली का त्योहार मनाना पसंद करते हैं तो वहीं कुछ लोग ऐसे भी हैं जो घर पर बैठकर होली एंजाय करते हैं। अगर आप भी उनमें से एक हैं तो आज हमारे पास आपके लिए कुछ ऐसे वेब-ऐप्स हैं। इसे देखने के बाद आपका होली का त्योहार बहुत अच्छा बीतेगा और आप घर बैठे बिल्कुल भी बोर नहीं होंगे।




### ऐ वतन मेरे वतन

इस हफ्ते अमेज़न प्राइम वीडियो पर सारा अली खान की फिल्म ऐ वतन मेरे वतन रिलीज हुई है। यह एक देशभक्ति फिल्म है, जिसमें सारा अली खान ने उषा मेहता नाम की एक साहसी लड़की का किरदार निभाया है।

### अनैटमी ऑफ अ फॉल

फिल्म एनाटॉमी ऑफ द फॉल डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज हो गई है। इस फिल्म की कहानी एक ऐसे बेटे की है जो अंधा है। और वह जानता है कि उसकी माँ ने उसके पिता को मार डाला है।




### फाइटर

अगर आपने अभी तक इस साल की सबसे चर्चित और सबसे ज्यादा कमाई करने वाली ऋतिक रोशन, दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर की फिल्म फाइटर नहीं देखी है तो बता दें कि अब यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हो गई है। जिसे आप ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

### ओपेनहाइमर

एमिली ब्लंट और किलियन मर्फी अभिनीत इस साल की सबसे अधिक ऑस्कर विजेता फिल्म ओपेनहाइमर भी ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हो गई है। जिसे आप जियो सिनेमा पर जाकर देख सकते हैं।




### लुटेरे

इस हफ्ते डिज्नी+हॉटस्टार पर वेब सीरीज लुटेरे रिलीज हुई है। जो कि जाधव परिवार की कहानी है, जो बिहार से केन्या शिफ्ट हो जाता है। इस फिल्म की कहानी काफी दिलचस्प है।

## खबर संक्षेप

### तीन खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक जीते

**रोहतक।** आर्य बॉक्सिंग स्पोर्टस क्लब रोहतक के तीन खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक जीते हैं। प्रतियोगिता गत दिनों नोएडा में हुई थी। इसमें भूमि ने 35 किलोग्राम में , लक्ष्य ने 52 और नमन ने 58 में मेडल हासिल किए हैं। इनके कोच संजीव कुमार ने प्लेयर के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी हैं।

### सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन

**रोहतक।** लाखनमाजरा स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के परिसर में 20 मार्च से चल रहे एनएसएस के सात दिवसीय शिविर का समापन किया किया। एनएसएस के जिला समन्वयक विजय शर्मा मुख्य अतिथि रहे। इस अवसर पर विद्यालय प्राध्यापक यक्ष गोयल, विजय रोहिल्ला, विपिन नेहरा, विकास सांगवान व कार्यक्रम अधिकारी डॉ सुशील कुमार उपस्थित रहे।

### ई-कंटेंट डेवलपमेंट प्रशिक्षण शिविर शुरू

**रोहतक।** डाइट मदीना में पांच दिवसीय ई-कंटेंट डेवलपमेंट प्रशिक्षण शिविर आरंभ हुआ। जिसमें सांपला तथा महम ब्लॉक के अध्यापकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ डाइट प्राचार्य वीरेंद्र मलिक के प्रेरणादायक उद्बोधन से हुआ। प्रशिक्षण शिविर डाइट मदीना की तरफ से आयोजित किया जा रहा है।

## होली के दिन हुआ था लापता

# जसिया के जोहड़ में मिला दो बच्चों के पिता का शव

अधेड़ के जूते जोहड़ के पास मिले थे, जिसके बाद जोहड़ में भी तलाश की, लेकिन सुराग नहीं लगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

गांव जसिया में दो बच्चों के पिता का शव जोहड़ में तैरता हुआ मिला। मृतक करीब 50 वर्षीय अधेड़ होली के दिन मंदिर में गया था, जिसके बाद से वह लापता हो गया। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी।

पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर अधेड़ की तलाश शुरू की थी। अधेड़ के जूते जोहड़ के पास मिले थे, जिसके बाद जोहड़ में भी तलाश की, लेकिन सुराग नहीं लगा। मंगलवार को मृतक करीब 50 वर्षीय अधेड़ का शव जोहड़ से बरामद किया गया। पुलिस मामले में जांच शुरू कर दी है।

### मंदिर की कहकर घर से निकला

मृतक के बेटे रवि कुमार ने बताया कि होली के दिन उसके पिता मनोज कुमार सुबह ताऊ पूर्ण के साथ घर से मंदिर में जाने के लिए निकले थे। लेकिन मंदिर में जाने के बाद वह वापस नहीं लौटे। दोपहर को उसके पिता व ताऊ खेत की तरफ चले गए थे।

पिता को खोजते हुए वह दोपहर को जब ताऊ के पास गया तो ताऊ ने बताया कि उसके पिता कुछ देर पहले ही जा चुके है। इसके बाद वह गांव में पिता को खोजने लगा। इतने में गांव के ही रहने वाले सोमबीर ने बताया कि जोहड़ के पास एक व्यक्ति के जूते पड़े हुए है। जब वह जोहड़ के पास गया तो देखा कि जूते उसके पिता मनोज कुमार के है। इसके बाद गांव के लोग एकत्रित हो गए और उसके पिता की तलाश शुरू कर दी।




**रोहतक।** मौके पर एनडीआरएफ की टीम व पुलिस कर्मी। फोटो : हरिभूमि

### अच्छा तैराक होने के बावजूद कैसे डूबा मनोज



*शिकायतकर्ता रवि कुमार ने बताया कि उसके पिता मनोज कुमार अच्छे तैराक थे। जोहड़ के पास जूते मिलने के बाद उनकी तलाश शुरू की गई। साथ ही पुलिस को भी सूचना दी। काफी तलाश के बाद भी उसके पिता का सुराग नहीं लगा। जोहड़ के पास ही जूते मिलने के कारण उनकी तलाश जारी रही। पुलिस ने मौके पर एनडीआरएफ की टीम को बुलाया। सोमवार को काफी खोजने के बाद भी जब शव नहीं मिला तो टीम वापस लौट गई। वहीं, मंगलवार को दोबारा तलाश करने पर उसके पिता का शव जोहड़ से बरामद किया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पीजीआई के शवगृह में रखवा दिया। पुलिस मामले में मृतक के पुत्र रवि की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच कर रही है।*

# जरूरतमंदों के जीवन में खुशियों के भरने चाहिए रंग : हेमंत बख्शी

- रोटरी क्लब ऑफ रोहतक हार्मनी ने अनाथालय में मनाया होली उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक




रोटरी क्लब ऑफ रोहतक हार्मनी की तरफ से होली का उत्सव गोहाना रोड स्थित चौधरी लखीराम जगन्नाथ अनाथ आश्रम में बच्चों के संग मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संजय सहगल ने की, जबकि नेतृत्व क्लब के अध्यक्ष हेमंत बख्शी ने किया। उन्होंने अनाथालय में बच्चों को रंग लगाते हुए होली की शुभकामनाएं दी और उपहार देकर होली को यादगार बनाया।

कार्यक्रम के दौरान हेमंत बख्शी ने कहा कि होली के पर्व पर जितने रंग उकेरे जाते है, उतने ही रंग अगर हम किसी जरूरतमंद के जीवन में भर दे तो इससे अच्छा त्यौहार हमारे लिए कोई नहीं हो सकता। होली रंगों व खुशियों का पर्व है, इसे सबके साथ मिलकर मनाना चाहिए। क्लब की तरफ से पहल करते हुए अनाथ आश्रम में बच्चों के संग होली खेलने के पीछे यही उद्देश्य है कि ये बच्चे भी हमारे समाज का अहम हिस्सा है और ये अपने आपको अकेला न समझे। कार्यक्रम के दौरान संजय सहगल ने अनाथ आश्रम के बच्चों को अबीर गुलाल लगाते हुए होली के पर्व की शुभकामनाएं दी और मिलकर होली का जश्न मनाया।

इस मौके पर रोटरी हार्मनी के महासचिव विकास चहार, शल्य चिकित्सक डॉक्टर विकास सिवाच, गुरमीत कोचर, चिराग डंग, गुलशन उप्पल, तेजेंद्र मालिक, कपीश खुराना, धीरज मग्गू, कुलदीप सिंधु, ऋषभ धमीजा, आकाश सचदेवा, अश्विनी चौधरी, आशुतोष नांदल, अमन मग्गू, अनिल सहगल आदि मौजूद रहे।

### होली सुंदरम का त्यौहार है: सिद्धार्थ

**रोहतक।** औलिया ओशोधारा नानकधाम आश्रम में होली का पर्व समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया के सानिध्य में उत्साह और उमंग से मनाया गया। देश-विदेश से पहुंचे 300 से ज्यादा साधकों को संबोधित करते हुए समर्थगुरु ने कहा कि होली मंगल का पर्व है। अपने अंदर दूसरों के लिए मंगल भाव का सकारात्मक गुण पैदा करो और होली की उमंग को पूरे साल बरकरार रखो। सभी संत दशहरा व दिवाली नहीं मनाते, लेकिन होली जरूर मनाते हैं क्योंकि यह सुंदरम का त्यौहार है। इस अवसर पर ओशोधारा मैत्री संघ रोहतक के सदस्य बैंक मैनेजर अजय देशवाल, अश्वनी, सोमबीर, संजय अहलूवालिया, एडवोकेट कुलवंत, प्रोमिला,मोनिका समेत 20 से ज्यादा साधक मुरथल आश्रम पहुंचे।

### विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस पखवाड़े में होंगे कार्यक्रम

**रोहतक।** विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में सार्वजनिक स्वास्थ्य दंत चिकित्सा विभाग दंत स्वच्छता और निवारक उपायों को बढ़ावा देने पर केंद्रित एक पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। इन प्रयासों के हिस्से के रूप में पेडोडोंटिक्स विभाग से रेफर किए गए बच्चों पर गड्ढे और दरार सीलेंट लगाए जा रहे हैं।

पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग अध्यक्ष डॉ. मंजूनाथ बीसी और प्रोफेसर आदर्श रोहिल्ला की अगुवाई में इस पहल का उद्देश्य बच्चों में निवारक दंत चिकित्सा देखभाल को बढ़ाना और समुदाय के भीतर बेहतर मौखिक स्वास्थ्य प्रथाओं को बढ़ावा देना है।

# केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में आप कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

- हेलमेट पहनकर कुरुक्षेत्र लाठीचार्ज का वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा के नेतृत्व में भाजपा ऑफिस का घेराव किया।

प्रदर्शन के दौरान मुख्य तौर पर बिजेंद्र हुड्डा, जगवीर हुड्डा, शिव मोहन गुप्ता, करण सिंह धनकड़, अरुण कटारिया, डॉ. परमेल, नितिन वर्मा और अरुण हुड्डा मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि पूरे देश में इस बात को लेकर गुस्सा है कि रात के अंधेरे में कायरतापूर्ण तरीके से बिना किसी सुबूत के अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करके जेल में डाला है। ये इतिहास में पहली बार है कि किसी मुख्यमंत्री को गिरफ्तार करके जेल में बंद किया गया है जिसके खिलाफ एक पैसे का भी सुबूत भाजपा और किसी एजेंसी के पास नहीं है। इसलिए भाजपा की इस साजिश और ईडी की कार्रवाई का देश भर में विरोध हो रहा है।

उन्होंने कहा अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में लगातार प्रदर्शन जारी रहेंगे। उसी को लेकर 31 मार्च को दिल्ली में महारैली का आयोजन किया गया है जिसमें दिल्ली और पूरे देश से आए हुए इंडिया गठबंधन के नेता अपना विरोध प्रदर्शित करेंगे।




**रोहतक।** प्रदर्शन करते हुए आम आदमी पार्टी वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा व अन्य कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

### चोरी की दो वारदातों में दो आरोपित गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने चोरी की अलग-2 दो वारदातों में दो आरोपियो को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया है। थाना प्रभारी कलानौर देशराज सिंह ने बताया कि बनियानी निवासी बलदेव ने 21 मार्च को शिकायत दर्ज करवाई थी। जांच में सामने आया कि बलदेव ने गांव के बस स्टैंड पर बिजली की दुकान कर रखी है। बलदेव रिपेंयरिंग का काम करता है। 20 मार्च को बलदेव अपनी दुकान बंद कर अपने घर चला गया। सुबह आकर देखा तो बलदेव को दुकान की छत से पत्थर तोडा हुआ व दुकान से 5 मोटर समरसिबल, 30 किलो स्क्रेप तांबे, 20 पंखे, 18 स्कूल पंखे व अन्य सामान चोरी हुआ मिला। जांच के दौरान 25 मार्च को आरोपी कर्ण निवासी बनियानी को गिरफ्तार किया गया है। वहीं, सदर थाना प्रभारी मुरारी लाल ने बताया कि गांव सांघी निवासी नरेश ने 23 मार्च को शिकायत दर्ज करवाई थी। गांव सांघी में नरेश का खाली प्लाट है जिसमें ट्रैक्टर ट्राली व अन्य सामान खड़ा कर रखा है। 21 मार्च को नरेश खेती बाडी का सामान खड़ा कर अपने घर चला गया। 22 मार्च को नरेश को अपने प्लाट का मेन गेट का ताला टूटा था और खेतीबाडी का सामान चोरी हुआ मिला। जांच के दौरान 25 मार्च को आरोपी सुरेंद्र निवासी गांव सांघी को गिरफ्तार किया गया है।

# यह मंत्रिपद मेरा नहीं, समस्त वाल्मीकि समाज का सम्मान है : बिशम्बर वाल्मीकि

- वाल्मीकि समाज का भाजपा ने हमेशा सम्मान किया है : ढाका
- भगवान वाल्मीकि चौक रोहतक पर हुआ मंत्री का नागरिक अभिनन्दन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

भाजपा नेतृत्व द्वारा दिया गया यह मंत्रिपद मेरा नहीं, बल्कि समस्त वाल्मीकि समाज का सम्मान है। नेतृत्व ने जो समाज का सूखा समाप्त किया है उसके लिए वाल्मीकि समाज ऋणी रहेगा। यह विचार हरियाणा सरकार के नवनियुक्त सामाजिक न्याय मंत्री बिशम्भर वाल्मीकि ने भगवान वाल्मीकि चौक पर आयोजित नागरिक अभिनन्दन समारोह में व्यक्त किये। जिला मीडिया समन्वयक हरिओम मित्तल भाली ने बताया कि नागरिक अभिनन्दन जिलाध्यक्ष एडवोकेट रणवीर ढाका ने नेतृत्व में आयोजित किया गया। जिले के सैंकड़ों सम्मानित साथियों,कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने नवनियुक्त मंत्री का जोरदार अभिनन्दन किया । इस मौके पर बिशम्भर वाल्मीकि ने कहा कि मेरा दायित्व बढ़ गया है। मेरा समाज हमेशा से ही भाजपा व मोदी की नीतियों से जुड़ा हुआ है।

नागरिक अभिनन्दन कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष एडवोकेट रणवीर ढाका ने कहा कि बिशम्भर वाल्मीकि जमीन से जुड़े नेता हैं। ढाका ने कहा कि भाजपा अंतिम व वंचित व्यक्ति की चिंता करती है।

वाल्मीकि समाज के लोगों ने भी पगड़ी, पटको व पुष्पगुछों से जोरदार स्वागत किया। पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. दिनेश घिलोड़ के गोहाना रोड स्थित कार्यालय में जलपान किया। इस कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष हरिओम मित्तल भाली, उदयभान मलिक, पंकज छाबड़ा, सुखबीर वाल्मीकि, नांगेन्द्र शर्मा, शमशेर कलिंगा, सूरजमल किलोई, सुरेश सैनी, चाचा नाथी, बंसी विज, वजीर खोखर, संजय बिढ़लान, विक्की बिढ़लान, मदन ठाकुर, संजय बल्हारा, विपुल मित्तल, रॉकी सहगल, प्रशांत रांगी, धर्मेंद्र सैनी, प्रदीप ओहल्याण आदि अनेक गणमान्य कार्यकर्ता बन्धु उपस्थित रहे।




**रोहतक।** हरियाणा सरकार के नवनियुक्त सामाजिक न्याय मंत्री बिशम्भर वाल्मीकि का स्वागत करते हुए जिलाध्यक्ष एडवोकेट रणवीर ढाका व अन्य कार्यकर्ता।

### लोकतंत्र नहीं, घोटालेबाज खतरे में हैं: खुराना

**रोहतक।** भारतीय जनता पार्टी लोकसभा मीडिया प्रभारी अशोक खुराना ने कहा कि भ्रष्टाचार करने में आप सब का बाप निकला। उन्होंने कहा कि देश में लोकतंत्र नहीं घोटालेबाज खतरे में हैं, क्योंकि वह जानते हैं कि मोदी रहेगा तो जेल जाना ही पड़ेगा। इसीलिए अपने काले कारनामों को छुपाने के लिए सड़कों पर तमाशा कर रहे हैं। उन्होंने कहा की दिल्ली की अरविंद केजरीवाल सरकार ने दिल्ली में गली-गली में शराब के ठेके खुलवा दिए। एक शराब की बोतल के साथ दूसरी शराब की बोतल फ्री कर दी। दिल्ली के राजस्व में हजारों करोड़ रुपये का चूना लगाया। खुराना का कहना है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल व उस के साथियों ने 338 करोड़ रुपये का घोटाला किया। प्रवर्तन निदेशालय ने प्रमाण एकत्र कर अरविंद केजरीवाल को जांच में शामिल होने के लिए सम्मन दिए तो वह बहाने बनाते रहे। अदालत के आदेश पर अरविंद केजरीवाल ईडी की कस्टडी में हैं, तो कार्यकर्ता सड़कों पर नाटक कर रहे हैं।



# दंगल में पहलवानों ने जीते इनाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

गांव भैंसरू खुर्द में विशाल कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। ग्रामीण खेल कमेटी द्वारा आयोजित इस विशाल कुश्ती दंगल में राहुल सहरावत व सोनू पहलवान ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। इस दौरान मुख्य अतिथि राहुल सहरावत ने प्रथम नंबर के कुश्ती विजेता को एक लाख 51 हजार रुपये नकद पुरस्कार के तौर पर दिए। विशेष बात है कि राहुल सहरावत हर वर्ष विभिन्न कार्यकर्मों में शामिल होने के दौरान करोड़ों रुपये दान और नकद पुरस्कार के तौर पर देते हैं। इस कुश्ती दंगल में हरियाणा प्रदेश के अलावा दूसरे प्रदेशों से भी पहलवानों ने भाग लिया। सभी श्रेणी के विजेता पहलवानों को नगद इनाम राशि दी गई। मुख्य अतिथि राहुल सहरावत व सोनू पहलवान ने विभिन्न श्रेणी में कुश्ती मुकाबले के लिए पहलवानों के परस्पर हाथ मिलवाए। मुख्य अतिथि राहुल सहरावत ने कहा कि कुश्ती एवं खेल हर व्यक्ति के जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होता है। अपने जीवन में हर युवा को खेल में अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका जरूर मिलता है। खेल से न केवल खिलाड़ी के अच्छे करियर का निर्माण होता है बल्कि उसका स्वास्थ्य भी निरोग एवं बेहतर बना रहता है। इस अवसर पर ग्रामीण खेल कमेटी आयोजकों के अलावा उमेद पहलवान व समाज सेवी नवीन सहरावत आदि सहित भारी संख्या में ग्रामीण एवं आसपास इलाके के लोग मौजूद रहे।



### पूर्व मुख्यमंत्री से मिला रिटायर्ड कर्मचारी संघ का प्रतिनिधिमंडल

**रोहतक।** ज्वाइंट एक्शन कमेटी रिटायर्ड कर्मचारी हरियाणा का प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा से उनके निवास स्थान पर मिला। मुख्यमंत्री के साथ पूर्व मंत्री रघुबीर सिंह कादयान व विधायक बीबी बत्रा भी साथ थे। प्रतिनिधिमंडल ने हुड्डा को मांगपत्र भी सौंपा और बताया कि ये पेंशनर्स की पुरानी मांगे हैं। हुड्डा ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि कांग्रेस की सरकार आने पर सारी मांगों को मान लिया जाएगा। मांगपत्र देने वालों में ज्वाइंट एक्शन कमेटी रिटायर्ड कर्मचारी हरियाणा के अध्यक्ष मंडल सदस्य किताब सिंह भनवाला, धर्मवीर राठी,मेहर सिंह नैन , देवराज नांदल, वीरेंद्र शर्मा, आजाद पालवा, दलबीर सिंह रेढू व ज्वाइंट एक्शन कमेटी रोहतक के सदस्य निर्मल बल्हारा, धनपति हुड्डा, ईश्वर सिंह सैनी, आनन्द स्वरूप, रामचंद्र शर्मा, राजेन्द्र शर्मा, सहदेव सिंह व रोहतक जिला प्रधान देवी सिंह देशवाल मौजूद रहे। सेवानिवृत्त कर्मचारियों की मांग है कि 65, 70, 75 वर्ष की आयु के बाद क्रमशः 5, 10 व 15 प्रतिशत की बेसिक पेंशन में बढ़ोतरी की जाए। सभी बीमारियों के लिए कैशलेस मेडिकल सुविधा, चिकित्सा भत्ता बढ़ाकर तीन हजार रुपये मासिक, कम्यूटेशन रिकवरी 15 वर्ष से घटाकर 12 वर्ष, फैमिली पेंशनर्स को भी एलटीसी की सुविधा, 18 महीने का डीए एरियर (कोरोना काल) छह प्रतिशत ब्याज सहित शीघ्र देने, रिटायर्ड कर्मचारी को 30 जून को वार्षिक वृद्धि का लाभ देने सहित, उच्च न्यायालय एवं सर्वोच्च न्यायालय की ओर कर्मचारी हित में दिये गए सभी फैसले लागू करने और 60 वर्ष की आयु के बाद पेंशनर्स के लिए रेल में रियायती दर पर यात्रा की मांग है।

### चुनाव प्रचार सामग्री प्रकाशन में अधिनियम की अनुपालना करनी होगी सुनिश्चित



**रोहतक।** जिला मजिस्ट्रेट अजय कुमार ने कहा है कि चुनाव पुस्तिका, पोस्टर व पैम्फलेट आदि के मुद्रण व प्रकाशन में जन प्रतिनिधि अधिनियम 1951 की धारा 127ए की अनुपालना सुनिश्चित करनी होगी। आदेशों में कहा गया है कि उपरोक्त प्रचार सामग्री पर मुद्रक, प्रेस व प्रकाशक का नाम होना अनिवार्य है। कोई भी व्यक्ति जब तक किसी भी चुनाव पैम्फलेट या पोस्टर को मुद्रित नहीं करेगा, जब तक की उसके प्रकाशक की पहचान न हो गई हो। इसके साथ ही प्रकाशक को व्यक्तिगत रूप से जानने वाले दो लोगों द्वारा सत्यापन के लिए अपने हस्ताक्षर करने होंगे। इसकी दो प्रतियां संबंधित प्रिंटर को देनी होगी। आदेशों में कहा गया है कि प्रिंटिंग प्रेस के मालिकों द्वारा उपरोक्त आदेशों की उल्लंघना करने पर गंभीरता से लिया जाएगा और उसके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 188 के तहत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। यह आदेश सरकारी प्रिंटिंग प्रेस पर लागू नहीं होंगे। लेकिन ऐसी प्रिंटिंग प्रेस को चुनाव आयोग द्वारा समय-समय पर जारी किए गए निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित करनी होगी।

# असामाजिक तत्वों ने पंडित श्रीराम शर्मा का बोर्ड उखाड़ा, लोगों में रोष व्याप्त

- हुडा सिटी पार्क का 1 अक्टूबर को बदला था नाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

हुडा पार्क में स्थित स्वतंत्रता सेनानी एवं संविधान निर्माण सभा के सदस्य पंडित श्रीराम शर्मा के नाम का बोर्ड असामाजिक तत्वों द्वारा उखाड़ दिया गया। नगर निगम की 1 अक्टूबर 2023 को हाउस मीटिंग में हुडा पार्क पुरानी जेल का नाम पंडित श्रीराम शर्मा के नाम पर नामकरण किया था।

घटना से लोगों में गहरा रोष व्याप्त है। पंडित श्रीराम शर्मा विचार मंच ने डीसी को ज्ञापन सौंपकर सख्त कार्रवाई करने और बोर्ड दोबारा लगाने की मांग की है। प्रशासन ने मामले की जांच का आश्वासन दिया है।

### घटना की निंदा की

पंडित श्रीराम शर्मा विचार मंच के अध्यक्ष डॉ. अशोक दीक्षित ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानी पंडित श्रीराम शर्मा के नाम का बोर्ड उखाड़ना निंदनीय है। इस नामकरण से कुछ असामाजिक तत्व खुश नहीं थे और उन्होंने बोर्ड को उखाड़कर फेंक दिया। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए और पंडित श्रीराम शर्मा के नाम से पार्क का बोर्ड दोबारा लगाया जाए। उन्होंने कहा है कि असामाजिक व्यक्तियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। अगर ऐसा नहीं किया गया तो पंडित श्रीराम शर्मा विचार मंच द्वारा धरना प्रदर्शन किया जाएगा। डीसी को ज्ञापन सौंपने वालों में पंडित श्रीराम शर्मा विचार मंच के अध्यक्ष डॉ. अशोक दीक्षित, उपाध्यक्ष रणधीर भारद्वाज, सचिव सत्यवान राजा, प्रेस प्रवक्ता सतीश प्रकाश पहरावर, वरिष्ठ सदस्य रविंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

मानसरोवर हॉस्पिटल
REQUIRES
COMPUTER OPERATOR 4
ACCOUNTANT 1
RECEPTIONIST 2
SWEEPER 2
नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

JOIN CRASH/1YEAR COURSE
CUET
SCIENCE I HUMANITIES I COMMERCE I APTITUDE
IPM (5 Years MBA)
IIM Rohtak, Indore, Jammu, Ranchi, Bodhgaya
T.I.M.E. Triumphant Institute of Management Education Pvt. Ltd.
D-Park, Delhi Road Rohtak 9215598698

बवासीर व पुरुष समस्या विशेषज्ञ
98123-13648
शादी से घबराहट जोश व टाईम बढ़ाएं
उम्र की अधिकता या अन्य कारण से आई शारीरिक कमजोरी, नि:संतान मिलें
जब कहीं न आए आराम, हम करेंगे समाधान
Super Specialist नकलचियों से बचें
डॉ. मोहित जुनेजा
M.D. Ayurved (UK)
रोहतक: दिल्ली रोड, राज सिनेमा साथ, बेसमेंट के अंदर।





रोहतक। फाग पर महिलाओं के देवरों पर जमकर चले कोरड़े तथा परदेशियों को भी नहीं छोड़ा। फोटो : हरिभूमि



रोहतक। होली पर्व पर एक-दूसरे को रंग लगाकर बधाई देते युवक। फोटो : हरिभूमि



# एक-दूसरे पर रंग और गुलाल डालकर दीं होली की शुभकामनाएं, देवरों पर बरसे भाभियों के कोरड़े

■ आंखों में जलन और सूजन के मरीज आए, दो युवक तालाब में डूबे, एक की सड़क हादसे में चली गई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पूरे जिले में होली का त्योहार धूमधान से मनाया गया। सभी ने एक दूसरे पर रंग और गुलाल डालकर होली की शुभकामनाएं दी। वहीं शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में भाभियों ने अपने देवरों को कोरड़ों से जमकर पीटा।

वहीं कई जगहों पर केमिकल युक्त रंगों के कारण आंखों में जलन जैसी समस्या भर पैदा हुई। पीजीआई और सिविल अस्पताल में करीब 45 केस ऐसे आए जिनकी रंग के कारण आंखों में जलन और सूजन हुई। इसी तरह लडाई झगड़े में भी कई लोग घायल हुए। दूसरी ओर जसिया के तालाब में युवक डूब गया। एनडीआरएफ की टीम ने घंटों की मशक्त के बाद युवक को तलाशा, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। दूसरी ओर जुई फीडर नहर में 21 वर्षीय युवक डूब गया, लेकिन समाचार लिखे जाने तक वह नहीं मिला था। सड़क हादसा भी हुआ, यहां बडेसरा गांव के 25 वर्षीय युवक संदीप की सोमवार को निंदाना गांव के पास एक सड़क हादसे में मौत हो गई।

नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. दिनेश का कहना है कि वैसे तो रंगों की जलन ठंडे पानी में आंखे धोने से ठीक हो जाएगी, लेकिन फिर भी जलन ठीक नहीं होती और सूजन ज्यादा है तो डॉक्टर के पास ही जाएं और आंखों का इलाज करवाएं। रंगों के कारण पेट संबंधीर बीमारी भी हो सकती है। इसे ठीक करने के लिए दही का प्रयोग करें, अगर पेट दर्द या उल्टी ठीक नहीं हो रही है तो डॉक्टर के पास ही जाएं। दूसरी ओर रोहतक में अलग-अलग संस्थाओं ने होली पर कार्यक्रम किए। मंदिरों और डेरों पर भी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

## पुलिस रही तैनात

होली के त्योहार पर हुड़दंगियों से निपटने के लिए पुलिस हर चौराहे पर तैनात रही। पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर सख्ती दिखाई। कई लोगों को पकड़ा भी गया। लेकिन हर जगह पुलिस तैनात होने से कोई बड़ी घटना सामने नहीं आई।

## लोगों ने फाग खेलकर गिले शिकवे दूर किए



महम। महम शहर और आस पास के गांव-देहात में फाग हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दिन गांवों में भाभियों ने अपने देवरों को कोरड़ों के साथ पीटा। लोगों ने एक दूसरे पर गुलाल और रंग डालकर फाग उत्सव की बधाई दी। कई जगहों पर एक दूसरे पर पानी डालकर भी दुल्हंडी का त्योहार मनाया गया। इस दिन लोगों ने फाग खेलकर गिले शिकवे दूर किए। कई गांवों में फाग खेलने वालों ने गांवों के चौक चौराहों पर कढ़ाई पानी से भरकर जमकर भाग खेला। जगह जगह महिलाएं और पुरुष नृत्य करते हुए नजर आए। फाग पर हुड़दंगियों से निपटने के लिए पुलिस ने भी इंतजाम किए हुए थे।



## आईएमए ने मनाई होली, सांस्कृतिक कार्यक्रम

रोहतक। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन रोहतक शाखा का होली मिलन का कार्यक्रम सेक्टर 36 के सनसिटी क्लब में हर्षोउलास से मनाया गया। कार्यक्रम में रोहतक जिले के उपायुक्त अजय कुमार ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। इसमें आईएमए के सभी चिकित्सकों ने परिवार सहित इस होली मिलन का आनंद उठाया। आईएमए के प्रधान डॉ. रविन्दर हुडा व सचिव डॉ. अर्जुन नरुला ने आए हुए सभी चिकित्सकों, परिवार के सदस्यों व अतिथीयों का स्वागत किया। आई एम ए रोहतक के संरक्षक डॉ. एसएलवर्मा और डॉ. आरके चौधरी व डाक्टर देवेन्द्र सांगवान ने स्मृति चिन्ह देकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के संचालन में डॉ. नीलम हुड्डा और आरती साहू सहयोग रहा।

## रंगों से होली मिलन सतंरगी बना



रोहतक। होली मिलन कार्यक्रम में शामिल एमडीयू कुलपति प्रो. राजबीर सिंह। फोटो : हरिभूमि

रोहतक। महर्षि दयानंद विवि में होली उत्साह मनाया गया। एमडीयू कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। प्रो. सिंह तथा उनकी पत्नी डॉ. शरणजीत कौर ने कुलपति निवास पर विश्वविद्यालय समुदाय सदस्यों तथा अन्य अतिथियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर एमडीयू के डीन, एकेडमिक एफेयर्स प्रो. एएस मान और उनकी पत्नी डॉ. रेनु मान, कुलसचिव प्रो. गुलशन लाल तनेजा और उनकी धर्मपत्नी डॉ. अरुणा तनेजा समेत विभिन्न संकायों के डीन, विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक, अधिकारी, कार्यालय प्रभारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। प्रतिष्ठित समाजसेवी राजेश जैन, पूर्व मेयर एवं समाजसेवी मनमोहन गोयल समेत शहर के प्रतिष्ठित चिकित्सक एवं गणमान्यजन भी इस होली मिलन कार्यक्रम में शामिल हुए। विवि के छात्र कल्याण कार्यालय के सहयोग से इस अवसर पर संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन भी हुआ। हर्बल गुलाल-रंगों से होली मिलन समारोह सतंरगी बन गया।



## भारत विकास परिषद ने होली मिलन समारोह मनाया

रोहतक। भारत विकास परिषद शाखा चयनित अध्यक्ष रमन गुप्ता, सचिव विजय गुप्ता ने परिषद की रीति नीति का पालन करने की शपथ ली। राष्ट्रीय चेयरमैन चंद्र सेन जैन ने दायित्व की शपथ दिलवाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता वर्तमान अध्यक्ष डॉक्टर अशोक बंसल ने की। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस समारोह की कार्यक्रम संयोजिका मंजू बिंदल एवं सह संयोजिका अंजू गुप्ता रही। भगवान कृष्ण के भजनों पर आधारित बहुत ही सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए।

## जुई फीडर नहर में डूबा 21 वर्षीय युवक, शव को ढूंढने के लिए पहुंची एनडीआरएफ की टीमें

महम। पुट्ठी सैमाण गांव का एक युवक जुई फीडर नहर में डूब गया। लेकिन 24 घंटे बीत जाने के बाद भी उसका शव बरामद नहीं हो पाया। फाग के दिन दोपहर बाद हिसार जिले के पुट्ठी गांव का 21 वर्षीय युवक आशीष पुत्र संजय सैमाण गांव के पास से गुजरने वाली जुई फीडर नहर में दोस्तों के साथ नहाने के लिए आया था।

### लोगों ने लगाया जाम

इस दौरान वह नहर में डूब गया। हिसार और रोहतक जिले की पुलिस शव को ढूंढने में लगी रही, लेकिन मंगलवार सुबह तक उसका कोई सुराग नहीं लग पाया। मंगलवार सुबह साढ़े 8 बजे ग्रामीणों ने सिघंवा गांव के पास से गुजरने वाले दिल्ली हिसार नेशनल हाइवे के पिपुला पुल पर जाम लगा दिया। जाम की सूचना मिलते ही बास थाना पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को समझा बुझाकर जाम खुलवा दिया। परिजनों के दबाव के बाद पुलिस ने मौके पर एनडीआरएफ की टीमें मौके पर बुलाई। एनडीआरएफ के बचाव दल में शामिल गोताखोरों ने सैमाण के पास से भिवानी तक शव की तलाश की, लेकिन शाम तक उसके शव बरामद नहीं किया जा सका था। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि उन्होंने उसको पानी में गोते लगाते हुए देखा था। दो गोते लगाने के बाद वह बाहर आ गया था। लेकिन तीसरी बार गोता लगाया तो वह पानी से बाहर नहीं निकल सका। उसके दोस्तों को तैरना नहीं आता था। इसलिए आस पास नहर में नहा रहे युवकों को बुलाया गया। लेकिन काफी मशक्कत के बाद भी उसका शव ढूंढा नहीं जा सका था।





### कोर्ट में वकील के पास मुंशी का काम सीख रहा था युवक

नहर में डूबने वाला पुट्ठी गांव का 21 वर्षीय आशीष पिछले एक महीने से महम में वकील सुनील कुमार घोघलिया के पास मुंशी का काम सीखने के लिए आ रहा था। वह बहुत ही मिलनसार स्वभाव का था। एडवोकेट सुनील कुमार घोघलिया ने बताया कि वह साथ साथ पढाई भी कर रहा था। बुधवार को उसका हिसार के परीक्षा केंद्र पर दसवीं कक्षा का पेपर था।

### इकलौता बेटा था आशीष

आशीष अपने माता पिता का इकलौता बेटा था। उसकी एक बहन भी है। आशीष के पिता संजय दिल्ली एमसीडी में नौकरी करते हैं। यह अपने पैतृक गांव पुट्ठी में अपने चाचा के पास रहता था।

## राजू सहगल ने अरविंद शर्मा के लिए प्रचार किया



रोहतक। सीनियर डिप्टी मेयर राजकमल सहगल ने रोहतक लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी अरविंद शर्मा के लिए प्रचार किया। वे सब्जी मंडी में पहुंचे और आढ़तियों सन्नी दुरेजा, सुलभ मलिक, शुभम डंग, कंवल चुघ व पिंकी आढ़ती से मुलाकात की। उन्होंने अरविंद शर्मा को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। इस दौरान मासाखोरों के प्रधान धर्मेन्द्र सैनी व उनके साथ सूरजभान सैनी, राजेश चौहान, कृष्ण राजपूत, पंडित गोपाल आदि मौजूद रहे। सभी आढ़तियों व मासाखोर प्रधान धर्मेन्द्र सैनी व उनके साथियों ने आश्वासन दिलाया कि 400 पार का जो नारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिया है उसको पूरा करने में दिन रात एक करेंगे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ के जिला प्रधान बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ जिला रोहतक की जिला कार्यकारिणी का चुनाव खोखराकोट स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर पब्लिक स्कूल में संघ के जिला प्रधान जगदीश चहल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इ दौरान सर्वप्रथम जिला प्रधान जगदीश चहल ने अपने कार्यकाल का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया और इसके बाद समस्त जिला कार्यकारिणी को भंग करने की घोषणा की। वहीं, सभी सम्मानित साथियों द्वारा सर्व सम्मति से जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिला प्रधान डॉ. हरीनिवास भाटिया, जिला सचिव सुरेंद्र कुमार रंगा, जिला वरिष्ठ उपप्रधान कुलबीर सिंह, जिला कोषाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, जिला उपप्रधान ललित कुमार, जिला संगठन सचिव, रविन्द्र कुमार, जिला सहसचिव संजय सिंह, जिला प्रचार सचिव अनिल कुमार, जिला ऑडिटर डॉ रामभगत सिंह मेहरा, जिला सलाहकार मुकेश कुमार, राज्य कार्यकारिणी नॉमिनेटेड सदस्य के लिए मान्यवर देवेन्द्र सिंह कटारिया व जगदीश सिंह कांकराण को सर्वसम्मति से चुना गया। इस अवसर राज्य कार्यकारिणी की ओर से विशेष रूप से संघ के राज्य प्रधान डॉ. दिनेश निम्बडिया, संघ के राज्य उप-प्रधान खजान सिंह बडवड, संघ के राज्य सह कोषाध्यक्ष देवेंद्र सिंह कटारिया और हरियाणा स्डूल्ड कास्ट इम्प्लॉइज फैडरेशन के राज्य प्रधान रामकुमार रंगा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## पुलिस की अनोखी पहल, युवाओं को खेलों के माध्यम से नशे से दूर करने का चलाया अभियान

■ होली के दिन गांव सांघी में क्रिकेट प्रतियोगिता करवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



पुलिस द्वारा अनोखी पहल शुरू करके युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखने के लिए युवाओं को खेलो के प्रति जागरूक किया जा रहा है तथा खेल प्रतियोगिता कराकर यूवाओं को प्रोत्साहित भी किया जा रहा है। रोयह जानकारी उप पुलिस अधीक्षक विरेन्द्र फौगाट ने दी। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा चलाए गए विशेष अभियान के तहत होली के दिन गांव सांघी में क्रिकेट प्रतियोगिता कराई गई।

उप पुलिस अधीक्षक विरेंद्र फौगाट ने बताया कि होली के दिन गांव सांघी में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें गांव सांघी, खिड़वाली व सिसाना की टीमों ने हिस्सा लिया है। सदर थाना प्रभारी मुरारी लाल व अन्य मौजिज व्यक्ति मौजूद रहे।

उप पुलिस अधीक्षक कहा कि हमारे जीवन में अनुशासन का होना बहुत जरूरी है और खेल हमें अनुशासन मे रहना सिखाता है। खेलों से दिमाग, शरीर तंदुरुस्त रहता है तो युवाओं का ध्यान नशे की और अग्रसर नहीं होता। गांव सांघी में क्रिकेट प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए गांव सिसाना, सांघी, खिड़वाली की टीमो ने हिस्सा लिया। टीमो में क्रिकेट का कंपीटिशन करवाया गया। जिसमें गांव सांघी की टीम प्रथम, द्वितीय स्थान पर खिड़वाली व तृतीय स्थान पर गांव सिसाना की टीम रही। खेल में विजेता रहे युवाओं को सम्मानित किया गया।

### कार्यालय के मुख्य द्वार पर पोस्टर व बैनर लगाएं

## मतदाताओं को जागरूक करें: एडीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



रोहतक। जिला विकास भवन में स्वीप (सिस्टमैटिक वोटर्स एजुकेशन एंड इलेक्टोरल पारटीसिपेशन) को लेकर अधिकारियों को बैठक संबोधित करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह। फोटो : हरिभूमि

अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रत्येक विभाग को कोई ना कोई गतिविधि आयोजित करनी होगी। वैशाली सिंह मंगलवार को जिला विकास भवन में स्वीप (सिस्टमैटिक वोटर्स एजुकेशन एंड इलेक्टोरल पारटीसिपेशन) को लेकर अधिकारियों को बैठक संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक मतदाता द्वारा मतदान प्रक्रिया में हिस्सा लेना जरूरी है। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक कार्यालय के मुख्य द्वार पर मतदान से संबंधित पोस्टर व बैनर अवश्य लगाया जाए। इसके अलावा सार्वजनिक स्थलों, जहां पर आमजन का आवागमन रहता है, वहां पर भी इस तरह की प्रचार सामग्री संबंधित विभाग द्वारा अवश्य लगाई जाए। ने बताया कि पिछले चुनाव में 150 से भी अधिक ऐसे मतदान केंद्र संज्ञान में आए थे, जहां पर मतदान का प्रतिशत कम था।

अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि मतदाताओं को जागरूक व प्रेरित करके ही मतदान के प्रतिशत को बढ़ाया जा सकता है और यह हम सब की सामूहिक जिम्मेदारी है कि विभिन्न माध्यमों से मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को जागरूक करने के लिए साइकिल रैली का आयोजन किया जाए। हर सप्ताह मतदाता जागरूकता हेतु वार्डों व ग्रामीण क्षेत्रों में कोई ना कोई एक्टिविटी आयोजित की जाए।अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह ने निर्देश देते हुए कहा कि जिस भी विभाग का जो भी कार्यक्रम हो उसमें लगाए जाने वाले बैकड्राप में भी मतदान की अपील अवश्य की जाए। परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि बसों पर भी मतदाता जागरूकता के बैनर लगाया जाए।

## रंगमंच कर्मियों को आज दिए जाएंगे अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

विश्व नाटक दिवस के उपलक्ष्य में संस्था हरियाणा इंस्टीट्यूट ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स द्वारा अपने ट्रस्टी देवेंद्र त्रिखा की याद में रंगमंच कर्मियों को अवार्ड दिए जाएंगे। बुधवार को एमडीयू के राधाकृष्ण सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में कुलपति सुपवा गजेंद्र चौहान, कुलपति एमडीयू राजबीर सिंह एवं संगीत नाटक अकादमी दिल्ली के उप सचिव ड्रामा मौजूद रहेंगे।

गौरतलब है कि रंगमंच की दयनीय दशा को देखते हुए हीपा रोहतक ने गत वर्ष इन अवार्ड की स्थापना की और अपने आस पास लगते हुए 8 राज्य हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, चंडीगढ़, उत्तराखंड, जम्मू कश्मीर और राजस्थान में प्रत्येक राज्य में एक विशिष्ठ व्यक्ति को सर्वश्रेष्ठ रंगमंच प्रोत्साहन अवार्ड से सम्मानित करने का निर्णय लिया। जिसमें 11 हजार का एक चेक, शॉल, प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देने का निर्णय लिया।

**इनको मिलेंगे अवार्ड** : इस वर्ष के लिए अवार्ड कमेटी ने जम्मू कश्मीर से जम्मू के पदमश्री बलवंत ठाकुर, हिमाचल प्रदेश से नाहन के कंवर रजित, उत्तराखंड से नैनीताल के इदरीस मालिक, पंजाब से अमृतसर के जतिंदर बरार, चंडीगढ़ से बनिंदर सिंह बन्नी, हरियाणा से गुरुग्राम के महेश वशिष्ठ, दिल्ली से सुनील चौहान और राजस्थान से जयपुर के अशोक राही को इस अवार्ड के लिए चुना है।